उड़ते मच्छर




लेखनः जैनेट पील

भाषान्तरः पूर्वा याज्ञिक कुशवाहा

उड़ते मच्छर


लेखनः जैनेट पील

भाषान्तरः पूर्वा याज्ञिक कुशवाहा



खुजली! खुजली!

यह खुजलाहट भरा उभार क्या है?



यह उभार मच्छर का निशान है।
मच्छर ने तुम्हें काट इसे कर बनाया है।

मच्छर एक प्रकार का जीव है,
जिसे कीट कहा जाता है।



कीटों के छह पैर
होते हैं और
उनके शरीर के
तीन मुख्य हिस्से
होते हैं।

अधिकतर कीटों के पंख भी होते हैं।

मच्छर के दो पंख होते हैं।




मच्छर के सिर पर

दो लम्बे एंटीना (स्पर्शक) होते हैं।



मच्छर इन
एंटीना से
सुनता और
सूंघता है।

वह अपनी दो बड़ी आँखों से देखता है।





मच्छर काटने के लिए अपने प्रोबोसिस (लम्बी-पतली सूंड) का इस्तेमाल करता है। प्रोबोसिस स्ट्रॉ (चूसने की नली) जैसा होता है।



नर मच्छर अपने
प्रोबोसिस का इस्तेमाल
कर पेड़-पौधों से
रस चूसता है।

केवल मादा मच्छर ही खून चूसती है।



कुछ मादा मच्छर इन्सानों का खून
चूसती हैं। कुछ दूसरी जानवरों को काटती हैं।

मादा मच्छर खून भला क्यों चूसती है?



वह भोजन पाने के लिए खून चूसती है।
खून ही उसका भोजन है।



यह मादा मच्छर अंडे देने की तैयारी में है। उसे अपने अंड़े देने के लिए कुछ खून चूसना होगा।



ज़ज़्ज़्ज़! मादा मच्छर भोजन
की तलाश में उड़ती है

वह किसी इन्सान की चमड़ी पर जा बैठती है।
वह अपने प्रोबोसिस का कुछ हिस्सा
चमड़ी के अन्दर घुसाती है।



वह प्रोबोसिस से खून चूसती है।

मादा मच्छर ऐसा करते समय चमड़ी पर कुछ लार छोड़ देती है। यही लार चमड़ी पर खुजलाहट भरे उभार का कारण है।



यह मादा मच्छर खून से भर चुकी है।



जल्द ही वह अपने अंडे देने को तैयार हो जाएगी।

मादा मच्छर तब पानी
की तलाश में उड़ती है।




अधिकतर मच्छर पानी में अंडे देते हैं।
जैसे दलदलों, पोखरों, या गड्ढों के पानी में।

मादा मच्छर अपने अंडे देती है।



कुछ किस्म के मच्छरों के अंडे
आपस में चिपक कर तैरते हैं।
वे मानो अंडों का एक बेड़ा बना लेते हैं।

कुछ ही दिनों बाद अंडों
से शिशु मच्छर निकल आते हैं।



इन नन्हे मच्छरों को लार्वा कहा जाता है।

ये लार्वा पानी में तैरते हैं। वे पानी में
जीने वाले बहुत ही छोटे जीवों को खाते हैं।



धीरे-धीरे लार्वा बड़े होते जाते हैं।

जल्द ही हरेक लार्वा एक प्यूपा (कोषस्थ कीट) में बदल जाता है। प्यूपा के गिर्द एक पतली चमड़ी उग आती है।



कुछ दिनों बाद इस चमड़ी के अन्दर से एक वयस्क मच्छर बाहर निकल आता है।



वयस्क मच्छर तब पानी को छोड़ देते हैं, पर बहुत दूर नहीं जाते।



ज़्यादातर मच्छर पानी के पास ही जीते हैं।

कुछ जंगलों में रहते हैं।

क्या तुम्हारेआस-पास मच्छर रहते हैं?

मच्छर खाने के लिए

रात को निकलते हैं।



पर उन्हें तब
ख़तरा रहता है,
जब उनके
दुश्मन उनके
पास हों।



कुछ कीट, पक्षी,
चमगादड़,

मेंढ़क और मकड़ियाँ,

मच्छरों का शिकार कर

उन्हें खा जाते हैं।

लोग भी मच्छरों को मारते हैं।
क्या तुमने कभी मच्छरों को मारा है?



ज़ज़्ज़्ज़्ज़! अरे नहीं, लो एक मच्छर आ गया!

अपना कीटनाशक स्प्रे लगाओ।



इस नक्शे में अपना राज्य तलाशो।

क्या तुम्हारे आस-पास मच्छर रहते हैं?

मच्छर के शरीर के हिस्से

